बाँटा जा सकता है- उत्तर में अंडमान और दक्षिण में निकोबार। ये द्वीप, समुद्र में जलमग्न पर्वतों का हिस्सा है। कुछ छोटे द्वीपों की उत्पत्ति ज्वालामुखी से भी जुड़ी है। बैरन आइलैंड नामक भारत का एकमात्र जीवंत ज्वालामुखी भी निकोबार द्वीपसमूह में स्थित है। यह द्वीप असंगठित कंकड़, पत्थरों और गोलाश्मों से बना हुआ है।

> इस द्वीप समूह की मुख्य पर्वत चोटियों में सैडल चोटी (उत्तरी अंडमान - 738 मीटर), माउंट डियोवोली (मध्य अंडमान - 515 मीटर), माउंट कोयोब (दक्षिणी अंडमान - 460 मीटर) और माउंट थुईल्लर (ग्रेट निकोबार - 642 मीटर) शामिल हैं।

पश्चिमी तट के साथ कुछ प्रवाल निक्षेप तथा खूबसूरत पुलिन हैं। यहाँ स्थित द्वीपों पर संवहनी वर्षा होती है और भूमध्यरेखीय प्रकार की वनस्पति उगती है।

अरब सागर के द्वीपों में लक्षद्वीप और मिनिकॉय शामिल हैं। ये द्वीप 80° उत्तर से 12° उत्तर और 71° पूर्व से 74° पूर्व के बीच बिखरे हुए हैं। ये केरल तट से 280 किलोमीटर से 480 किलोमीटर दूर स्थित है। पूरा द्वीप समूह प्रवाल निक्षेप से बना है। यहाँ 36 द्वीप हैं और इनमें से 11 पर मानव आवास है। मिनिकॉय सबसे बड़ा द्वीप है जिसका क्षेत्रफल 453 वर्ग किलोमीटर है। पूरा द्वीप समूह 10 डिग्री चैनल द्वारा दो भागों में बाँटा गया है, उत्तर में अमीनी द्वीप और दक्षिण में कनानोरे द्वीप। इस द्वीप समूह पर तूफ़ान निर्मित पुलिन हैं जिस पर अबद्ध गुटिकाएं, शिंगिल, गोलाश्मिकाएं तथा गोलाश्म पूर्वी समुद्र तट पर पाए जाते हैं।



चित्र 2.8 : एक द्वीप

↳ माउंट डियोवाली चोटी (515 मी)
↓
मध्य अंडमान में

↳ माउंट कोयोब चोटी (460 मी.)
↓
दक्षिणी अंडमान में

Area = 8429 Km²
तटीय सीमा की लंबाई = 1962 Km
(गृह मंत्रालय

लक्षद्वीप → वलयाकार (Atoll) प्रवाल का उदाहरण है।

जूजैन्थेलाई → मूंगा

∴ सहजीवी संबंध Symbiotic Rel.

↓

मूंगा जीवों द्वारा स्रावित कैल्सियम कार्बोनेट के जमाव से निर्मित है।

विरंजन

क्षेत्रफल = $32 km^2$

तटीय सीमा की लंबाई = 132 km

विस्तार :- अक्षांशीय विस्तार → 8°N से 12°N

देशांतरीय विस्तार → 71°E से 74°E

केरल से दूरी

↓

280 KM से 480 KM

लक्षद्वीप →

मिनिकॉय द्वीप → कुल क्षेत्रफल


↓

453 $KM^2$




# प्रवाल भित्तियां

① तटीय प्रवाल भित्ति
Fringing CR



② अवरोधक प्रवाल
Barrier CR



③ वलयाकार / Atoll CR




GBR – 1920




अगाती द्वीप → हवाई अड्डा

✓ अमीनी

✓ कनानेर

(11) (12)

Note :- कदमत व थुंडी द्वीपों को Blue Flag Tag प्रदान

① शांत घाटी या silent Valley → केरल

- इसमें सर्वप्रथम प्रवेश करने वाले व्यक्ति → रॉबर्ट वाइड (1847)
- अत्यधिक जैव विवि के लिए प्रसिद्ध ।

② कुंबम घाटी - तमिलनाडु

③ अराकु घाटी - आंध्रप्रदेश